नाचे नंद जी का लाला

नाचे नंद जी का लाला श्याम राधे,
नाचे गिरधर गोपाला श्याम राधे,
नाचे गोकुल का ग्वाला श्याम राधे,
नाचे अमृत का प्याला श्याम राधे,
श्याम राधे श्याम राधे...-4
अरे बाहर से ये सीधा लागे अंदर का है काला......

श्याम राधे का दीवाना, श्याम राधे,
रोज करके बहाना,, चला जाए बरसाना,
इसे मैंने पहचाना,
अरे तेरी मेरी कुछ ना जाने सबसे है अंजाना।

श्याम भक्तों का प्यारा,
ये दिलों का दुलारा,,
सारे जग से है न्यारा,
सारे जग का सहारा,
अरे टेड़ी चाल चलन है इसकी तभी तो है कुंवारा।

रोज माखन चुराए,
गोपियों को सताए,
झूठी बातें बनाए,
रौब अब अपना दिखाएं,
अरे मैंने क्या बिगाड़ा, मुझे हर कोई सताए।

मैं तो गया चराऊं,
मीठी बंसी बजाऊं,
मैं तो सबको रिझाऊं,
गीत आनंद के गाऊं,
श्याम राधे श्याम राधे......
नाचे नंद जी का लाला श्याम राधे.........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23090/title/Nache-nand-ji-ka-lala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |